हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री




13 निकुम उपार्जन केंद्र में 116.11 क्विंटल धान की कमी...



14 लाटाबोड़ में सीडबॉल निर्माण कार्यशाला...



## खबर संक्षेप

### आज निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**बालोद।** भगवान श्रीजगन्नाथ की पावन रथयात्रा आज गुरुवार को बालोद नगर में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रें से हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान जगन्नाथ रथयात्रासमिति, बालोद द्वारा सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से इस भव्य धार्मिक आयोजन मेर शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया गया है। रथयात्रास्थानीय प्राचीन कपिलेश्वर मंदिर से दोपहर 1:30 बजे प्रारंभ होगी। भव्य एवं सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीजगन्नाथ अपने बड़े भाई भगवान बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा के साथ विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगे। पारंपरिक वाद्ययंत्रें, गाजे–बाजे, भजन–कीर्तन एवं जयघोषों के बीच निकलने वाली यह शोभायात्रा पूरे नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर देगी। रथयात्रा कपिलेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर बुधवारी बाजार, हलधरनाथ योगी चौक, मोखला मांझी, मधु चौक, जय स्तंभ चौक, शीतला मंदिर, नया बस स्टैंड, दल्ली चौक, घड़ी चौक एवं सदर बाजार से होते हुए पुनः कपिलेश्वर मंदिर पहुंचेगी। रथयात्रासमिति ने इस पावन अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं तथा बालोद एवं आसपास के सभी ग्रामों के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रथयात्राको भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की है।

# कल प्रधानमंत्री करेंगे बालोद अमृत भारत रेलवे स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण

## देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों के साथ बालोद स्टेशन भी होगा शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के 75 पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशनों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित रेल्वे स्टेशन का लोकार्पण भी उनके द्वारा किया जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई 2026 को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देशभर के 19 राज्यों में पुनर्विकसित 75 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुलभ, सुरक्षित एवं यात्री–अनुकूल स्वरूप प्रदान किया गया है। इससे यात्रियों की सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने के साथ–साथ कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय विकास को भी नया आयाम मिलेगा।

बालोद जिले के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि छत्तीसगढ़ के चयनित तीन अमृत भारत स्टेशनों में बालोद रेलवे स्टेशन को भी शामिल किया गया है। देशभर के 19 राज्यों के 75 स्टेशनों की इस सूची में बालोद का स्थान प्राप्त करना जिलेवासियों के लिए एक ऐतिहासिक और स्वर्णिम उपलब्धि है।




### जिले के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात

पुनर्विकसित अमृत भारत स्टेशन में यात्रियों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें आकर्षक एवं आधुनिक स्टेशन भवन, दिव्यांगजनों के लिए सुगम सुविधाएं, बेहतर डिजिटल सेवाएं, स्वच्छ एवं हरित (ग्रीन) वातावरण, बहु–मॉडल कनेक्टिविटी तथा क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने वाली आधारभूत सुविधाएं शामिल हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक एवं बेहतर यात्र अनुभव प्राप्त होगा। बालोद रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकास जिले के नागरिकों के लिए एक बड़ी सौगात है। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया।

## शपथ

# नगर पंचायत अर्जुंदा में तीन एल्डरमेन ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

नगर पंचायत अर्जुंदा में बुधवार को 3 एल्डरमेन रजनीकांत शर्मा, शिवभजन यादव व मनीष ठाकुर ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा ने एल्डरमैन शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में जनप्रतिनिधि, पार्षद और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

इससे पहले सभी एल्डरमैन जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के उपाध्यक्ष नरेश यदु, बिलासपुर संभाग सहप्रभारी अभिषेक शुक्ला मंडल अध्यक्ष विश्वास गुप्ता जिला संयोजक नगरी प्रकोष्ठ ओसाभ यादव के साथ सभा हॉल पहुंचे। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के करीब ढाई साल बाद एल्डरमैन की सूची जारी की गई थी। कार्यक्रम में गुण्डरदेही एसडीएम प्रतिमा झा ठाकरे द्वारा आवास के लिए भूमिहीन परिवारों के संबंध में जानकारी दी। उसके पश्चात अटल परिसर के पास पहुंचकर अटल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रणेश जैन, उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गवीन्द्र साहू, गुमान यादव, गिरधर निषाद, थीनेश्वरी सोनकर, ईश्वर देवांगन, छगु यादव, चंद्रहास देवांगन, सूर्यकांत गजेंद्र, नवीन राजपूत, खुमान चंद्राकर, विनोद सिन्हा, असलम अली, रमेश सोनी, ऋषभ शर्मा, भावेश यदु, ज्ञान सिंह ठाकुर, राजेश रात्रे, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवनिर्वाचित एल्डरमेनों ने ली शपथ



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के सभा कक्ष में बुधवार को एल्डरमेन शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नव नियुक्त एल्डरमेन धीरेंद्र टांक, लता गुप्ता एवं जीवराखन कौमार्य को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवनाथ बघेल ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने नव नियुक्त एल्डरमेन को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दें। समारोह में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला महामंत्री सौरभ लुनिया, जिला कोषाध्यक्ष हरीश कटझरे, मंडल प्रभारी टीनेश्वर बघेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरीलाल रावटे, नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, पूर्व जिला महामंत्री देवेंद्र जायसवाल, मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा, रेंगाडबरी ▶▶| शेष पेज 13 पर

# बकाया किराया नहीं चुकाने वाले गुमटी संचालकों पर कार्रवाई

## नगर पंचायत ने की सीलबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही द्वारा बकाया किराया वसूली अभियान के तहत मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से किराया जमा नहीं करने वाले बकायादारों की गुमटियों को सील कर नगर पंचायत के अधिकार में ले लिया गया। नगर पंचायत द्वारा नगर के लोगों को स्वरोजगार के उद्देश्य से गुमटियां एवं दुकानें आवंटित की गई हैं, जिनमें अनेक हितग्राही अपना व्यवसाय संचालित कर रहे हैं। किंतु कई आवंटियों द्वारा बार–बार सूचना एवं अवसर दिए जाने के बावजूद नियमित रूप से किराया राशि जमा नहीं की जा रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए परिषद् के सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर बकायादारों के विरुद्ध सीलबंद करने की कार्रवाई की गई।

■ समय पर किराया और कर जमा करने की अपील

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं नगर पंचायत प्रशासन ने सभी गुमटी एवं दुकान संचालकों से अपील की है कि जिनकी किराया राशि या अन्य देय राशि बकाया है, वे शीघ्र नगर ▶▶| शेष पेज 13 पर






## खबर संक्षेप

### 19 से 23 तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भिलाई।** मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जन सेवा समिति (मोदी ग्रुप) के तत्वावधान में वैशालीनगर विधानसभा वार्ड-15 गायत्री मंदिर प्रांगण, लोक भारती स्कूल के सामने 19 जुलाई से 23 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर लोकेश पांडेय, पूर्व जिला महामंत्री, भाजयुमो के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

### मकान को किया कब्जा, वृद्ध दंपत्ति भटकने को मजबूर

**भिलाई।** वृद्ध दंपत्ति के मकान को कब्जा कर उनके साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत एसपी से की है। घासीदास नगर तालाब के पास रहने वाले दंपत्ति तपिलाल प्रसाद चौधरी और नागस्वरी देवी ने आरोप लगाया है कि उनके मकान पर सौरभ और उसके परिजनों ने कब्जा कर लिया। इसके कारण दंपत्ति को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हो गए है। तपिलाल प्रसाद चौधरी का आरोप है कि दमाद अवध बिहारी ने 4.68 लाख रुपए का गबन कर दंपत्ति को अपने पास रख धोखा किया। सौरभ ने इन दोनों दंपत्ति को घर से निकालकर उन्हें बेघर किया है। दोनों दंपत्ति ने एसपी, नगर निगम समेत विभिन्न विभाग ने अपनी शिकायते की है। बावजूद मकान दंपत्ति के कब्जे में नहीं आया है। तपिलाल ने बताया कि उन्हें जान से मारने की भी धमकी दी जा रही है। इसकी शिकायत कलेक्टर तक को की गई है।

### उमस ने किया बेचैन, आज बारिश के बन रहे आसार



**दुर्ग।** जुलाई की शुरुआत में हुई बारिश के बाद बारिश थमी हुई है। पिछले 10 दिनों में पानी की बूंद नहीं गिरी। इसके असर से तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 34.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 4.2 डिग्री ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहा, जो समान्य से 2.1 डिग्री ज्यादा था। मौसम विभाग की मानें तो छत्तीसगढ़ में मानसून का सबसे सक्रिय दौर शुरू होने को है। 1 जून से अब तक प्रदेश में सामान्य से 26% कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। 15 और 16 जुलाई से बारिश की एक्टिविटी फिर बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर भारी बारिश, गरज-चमक और बिजली गिरने का अलर्ट भी जारी किया है। मानसून ट्रफ श्रीगंगानगर से मणिपुर तक बनी हुई है। साथ ही बंगाल की खाड़ी और बांग्लादेश के ऊपर एक साइक्लोन सर्कुलेशन भी एक्टिव है। दोनों सिस्टम के असर से छत्तीसगढ़ में 15-16 जुलाई से फिर भारी बारिश के आसार हैं। दुर्ग के अलावा आसपास के अन्य जिलों में भी दो दिन अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। प्रदेश में मंगलवार को सबसे अधिक 35.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रायपुर और बिलासपुर में दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

### स्रोत समन्वयक ने किया औचक निरीक्षण



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीआरसीसी पाटन गुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी, पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली, प्राथमिक शाला सेमरी और पूर्व माध्यमिक शाला बोरिद का औचक निरीक्षण किया गया। उच्च माध्यमिक विद्यालय सेमरी में प्रार्थना के समय वर्मा बच्चों से रूबरू हुए। पूर्व माध्यमिक शाला दरबार मोखली में बच्चों की गुणवत्ता सुधारने के तहत 25 तक का पहाड़ा और धाराप्रवाह अंग्रेजी पठन की जांच की गई तथा विषय शिक्षकों को बच्चों की गुणवत्ता स्तर सुधारने पर कार्य करने के लिए कहा गया है।

## गनियारी की श्रद्धांजलि सभा में सीएम साय ने की पंडवानी गायिका के नाम की अलंकरण की घोषणा

# छत्तीसगढ़ की शान थीं पद्म विभूषण तीजन बाई

**भावभीना स्मरण करने उमड़ा सैलाब, राज्योत्सव में डॉ. तीजन बाई के नाम से लोक कला अलंकरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

देश दुनिया में छत्तीसगढ़ की लोक-कला को गौरवान्वित करने वाली सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका पद्मविभूषण स्व. डॉ. तीजन बाई के दशगात्र और श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मुख्यमंत्री व जन प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों ने उनका भावभीना स्मरण करते हुए उनके देहांत को अपूर्णीय क्षति बताया। पैतृक गृह ग्राम गनियारी में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री साय ने तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी स्मृति में राज्य अलंकरण रखे जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने श्रद्धांजली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. तीजन बाई केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश की शान थीं और आज हम सभी ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि देने एकत्र हुए हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता और राज्य सरकार की ओर से उनके निधन को कला जगत की अपूर्णीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि तीजन बाई के अस्वस्थ होने पर सरकार ने पूरी सजगता से उनके बेहतर उपचार के प्रबंध किए थे, यहां तक कि राज्योत्सव के दौरान स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोद ने परिजनों से दूरभाष पर चर्चा कर उनका कुशलक्षेम जाना था और आज उनके अवसान पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। कला जगत में उनके इस अद्वितीय योगदान को अक्षुण्ण रखने के लिए मुख्यमंत्री ने राज्योत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण सम्मान देने की घोषणा की। इसके साथ ही गृह ग्राम गनियारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नाम डॉ. तीजन बाई के नाम पर और कला की जीवंत पहचान रहे उनके तंबूरे को रायपुर संग्रहालय में सम्मान व स्मृति स्वरूप सुरक्षित रखे जाने की बात कही। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर डॉ. तीजन बाई के पुत्र दिलहरण पारधी और अन्य परिजनों से चर्चा कर पारिवारिक हाल-चाल की जानकारी ली।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि तीजन बाई महान कलाकार थीं, जिन्होंने अपनी पंडवानी कला से विश्व में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। यदि तीजन का पुर्नजन्म हो तो इसी धरती पर हो। उन्होंने सीएम से आग्रह किया कि तीजन बाई की स्मृति में सम्मान की घोषणा करें। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि देश विदेश में अपनी पंडवानी कला से छग की पंडवानी को पहचान दिलाने वालीं तीजन पद्म सम्मान सहित कई विवि ने डाक्टरों की उपाधि दी। विधायक और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा ने कहा कि तीजन बाई छत्तीसगढ़ की लोक कला का ऐसा सुगंधित पुष्प थीं, जिसने पूरी दुनिया में अपनी खुशबू बिखेरी। ऐसे छग के गौरव से कलाकार प्रेरणा लेंगे। सभा में सभी ने सभा स्थल पर दो मिनट का मौन रख कर तीजन को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजली सभा में पद्मश्री आरएस बारले, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, नगर निगम भिलाई चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे, छग फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी तथा स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और कला संस्कृति से जुड़ी हस्तियों सहित बड़ी संख्या में अंचल के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। सभा का संचालन मोहित साहू ने किया।





### तीजन को प्रदेश व देश के कलाकारों ने दी सांगितिक श्रद्धांजलि, पूर्व सीएम बघेल भी शामिल

अपनी दीर्घ कला साधना से अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर छत्तीसगढ़ और देश की यश पताका फहराने वालीं पंडवानी गायिका तीजन बाई को छत्तीसगढ़ के कला बिरादरी ने सांगीतिक भावभीनी श्रद्धांजलि दी। अपनी प्रेरक लोकगायिका के योगदान को याद करने प्रदेश के साथ देश के विभिन्न स्थानों से कलाकारों सहित रंगजगत,समाज, संस्कृति आदि हर तबके के लोग पहुंचे थे। जब लोक कलाकारों ने तीजन की तर्ज पर पंडवानी आदि की कारुणिक प्रस्तुति दी तो उन्हें याद कर सभी की आंखें नम हो गईं। वहीं तीजन बाई की अस्थियां विसर्जित कर लौटे परिजनों व कलाकारों को भी ढोल मंजीरों के साथ रामधुनी गाते हुए घर लाने के दौरान पारधी समाज, परिवार, रिश्तेदारों व सैकड़ों ग्रामीण गमगीन हो गए। शासकीय उमा शाला मैदान में गरिमामय शोकाकुल माहौल में हुए कार्यक्रम में तीजन बाई के सहकलाकारों सहित प्रसिद्ध लोककलाकारों ने पंडवानी सहित भावभीनी लोकरंगी प्रस्तुति देकर पंडवानी गायिका तीजन बाई की स्मृतियों को तरोताजा रखने का पैगाम दिया। 40 सदस्यी टीम वाली सिरजन लोककला मंच गरियाबंद की पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने उनकी कलायात्रा पर पंडवानी प्रस्तुति दी। कोलकाता से पहुंचीं तीजन की शिष्य प्रसिद्ध रंगकर्मी व पंडवानी गायिका सीमा घोष ने तीजन अम्मा द्वारा पंडवानी गायन सिखाने और बेटी द्वारा आज उनकी नेमत अभिमन्यू वध चक्रव्यूह भेदन प्रसंग की ओजस्वी प्रस्तुति दी तो सभी भावविभोर हो गए। वाद्ययंत्रों पर संगत तीजन बाई के सहकलाकार केवल देशमुख, नरोत्तम नेताम, रामचंद्र देशमुख , चैतराम साहू, डालेश्वर निर्मलकर व मनहरण सार्वा ने की। राजनांदगांव की लोकगायिका पूनम विराट ने तीजन को महान कलाकार बताते हुए वेदना से चोला माटी के है राम... गाकर याद किया। प्रसिद्ध लोकगायिका कविता वासनिक ने डार ले टूट के पाना ...गीत गाकर स्मरण किया । लोकगायक घनश्याम ठाकुर ने तीजन पर केंद्रित दोहे पढ़े। पंडवानी गायिका 12 वर्षीय आराध्या साहू धमतरी व आरु साहू ने पंडवानी गायन किया। कई लोककारों ने लोकरंगी प्रस्तुति भावमय श्रद्धांजलि दी। कलाकारों ने बताया कि बहुत लोग अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति देना चाहते थे लेकिन समयाभाव आदि अपरिहार्य कारणों से बीस से अधिक कलामंडिलयों को यह सौभाग्य नहीं मिला। दोपहर बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी सांगितिक श्रद्धांजलि सभा में पहुंचकर स्वर्गीय तीजन की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और तीजन बाई को छत्तीसगढ़ का गौरव बताया।







### अस्थि विसर्जित कर लौटे पुत्र और सहकलाकारों को देख नम हुई आंखें

पूर्व में स्व. तीजन बाई के निवास परिसर में शोकाकुल वातावरण उस समय घनीभूत हो गया जब प्रयागराज संगम में उनकी अस्थियां ल लौटे उनके पुत्र दिलहरण सहित परिजन झकेश्वर, राजू, मंतराम वर्मा सौरभ सहित सहकलाकार मनहरण, रंगकर्मी धन्नूलाल सिन्हा को स्व.तीजन के पंडवानी सहकलाकारों व पारधी समाज व परिजनों ने रामधुनी गाते हुए परखा कर भवन से घर लाया। सभी की आंखें नम हो गईं। बहन रंभा, बहू सरस्वती, रेणू, अन्नू,नरेंद्र, चंद्रलेखा, भुनू,पुष्पा मेनका,दीया निशा,रानी व जीवन आदि ने दिवंगत मुखिया की तस्वीर व गंगाजल के पूजापाठ व पूर्व में दशगात्र की रस्मे निभाईं तो पूरा गांव व सैकड़ों लोग भावविभोर हो गए। निवास परिसर में में भी तीजन के तैलचित्र व कला यात्रा के पोस्टर व स्लोगन बैनर श्रद्धा के केंद्र बने हुए थे। लोग इनके सामने तस्वीरें खिंचा रहे थे।

### प्रसिद्ध कलाकारों ने की स्मृति को संजोने की जाहिर की इच्छा

अनेक लोककारों की सांगितिक प्रस्तुति बाद तीजन बाई से जड़े अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकारों व रंगकर्मियों ने प्रेरण संस्मरण सुनाते हुए सरकार व सक्षम संस्थानों से छग की इस महान कलाकार की स्मृति में लोक संस्थान स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। प्रसिद्ध लोकगायिका व खैरागढ़ संगीत विवि की कुलपति ममता चंद्राकर ने कहा कि तीजन बाई अपनी साधना व तपस्या से पंडवानी के शिखर पर पहुंचीं। जब उन्होंने अपना नाम लिखना सीखा व व दस्तखत से पहली बार पारिश्रमिक चेक मिला तो विदेश से अधूरी रिकार्डिंग पूरा कर खुशी का ठिकाना नहीं था। भरथरी गायिका बिलासपुर रेखा निषाद ने वेदनामयी भर्तहरी गाकर तीजन को महान व प्रेरक लोक साधिका बताया। पद्मश्री ऊषा बारले ने कहा कि तीजन बाई से पंडवानी के साथ जीवन में संघर्ष करना सीखा। प्रसिद्ध छग फिल्म निर्देशक प्रेम चंद्राकर ने कहा कि गरीबी व अशिक्षा व छोटे से गांव से दुनिया नापने वाली तीजन छग की गौरव व प्रेरक हैं। सास गारी देथे फैन लोकगायिका रमा जोशी ने तीजन बाई से हम कला संघर्ष ही नहीं सरल व्यक्तित्व की भी प्रेरणा लेते रहेंगे। पद्मविभूषण तीजन बाई को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए पंडवानी गायक चेतन देवांगन, पंडवानी गायिका मीना साहू, पूर्णिमा साहू , उवशी साहू, लोकगायिका रजनी रजनी रजक व प्रसिद्ध रंगकर्मी व तीजन के सहकलाकार रहे धन्नूलाल सिन्हा भोपाल व पद्मश्री डां. आरएस बारले आदि कलाकारों ने छग में तीजन बाई की स्मृति में सरकार से छग में बड़ी लोक कला सौगात स्थापित करने की इच्छा जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन भिलाई तीन चरौदा के महापौर निर्मल कोसरे ने किया।

## पेंशनर समाज ने दिवंगत सदस्य ईश्वरी प्रसाद दिल्लीवार को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छग पेंशनर समाज गुण्डरदेही के सदस्य ग्राम अछोटी पहुंचकर छग पेंशनर समाज गुण्डरदेही के सदस्य ईश्वरी प्रसाद दिल्लीवार के निधन पश्चात उनके परिजनों से मिला। श्रद्धांजलि देते हुए परिजन को ढांढस बंधाया। पदाधिकारियों ने बताया कि दिल्लीवार काफी मिलनसार व्यक्ति थे। संगठन के कार्यों में बहुत ही सक्रीय रहते थे। सभी सदस्यों के दुख सुख में हमेशा साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वार के निधन से पेंशनर समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद दिल्लीवार की पत्नी दौलेश्वरी दिल्लीवार, पुत्र सुरेश दिल्लीवार से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। इस अवसर पर छग पेंशनर समाज गुण्डरदेही के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, अर्जुन सिंह मंडावी, अशोक कुमार दिल्लीवार, हरिवंश मिश्रा, अरुण साहू, जी एस अग्निहोत्री, गंगाराम सगरवंशी, आत्माराम धनकर, गजपति साहू, मेघनाथ साहू, बेनी राम सार्वा आदि उपस्थित रहे।

## जैन संतों के सानिध्य में आध्यात्मिक प्रवचनमाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन उपाश्रय प्रांगण स्थित सभागार में मंगलवार से जैन आचार्य भगवान श्रीरामलालजी मसा के सुशिष्य शासन दीपक संत अक्षय मुनिजी मसा एवं सेवा भावी संत दिनेश मुनिजी मसा के सानिध्य में आध्यात्मिक प्रवचनमाला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्मानुरागी उपस्थित रहे।

- संत अक्षय मुनिजी मसा ने आत्मचिंतन और मौन को बताया आत्मशांति का मार्ग

प्रवचन के दौरान संत अक्षय मुनिजी मसा ने कहा कि जीवन एक संगीत की तरह है, जिसका प्रत्येक क्षण आनंदपूर्वक जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगीत दो प्रकार का होता है,एक बाहरी और दूसरा भीतरी। बाहरी संगीत से व्यक्ति कभी न कभी ऊब सकता है, जबकि भीतर का संगीत निरंतर चलता रहता है और वही आत्मशांति तथा आनंद का वास्तविक स्रोत है। उन्होंने कहा कि बाहरी संगीत शब्दों पर आधारित होता है, जबकि भीतर का संगीत मौन का अनुभव कराता है। मन शुभ या अशुभ विचारों की ओर प्रवृत्त होकर क्रमशः पुण्य और पाप का बंधन करता है, लेकिन जब मन मौन होता है तो कर्मों की निर्जरा का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि ज्ञानीजन समभाव और वीतराग की साधना करते हैं तथा पाप-पुण्य से ऊपर उठकर कर्मबंधन से मुक्ति का प्रयास करते हैं। जीवन में बाहर की अपेक्षा भीतर सुधारने की आवश्यकता है। जब व्यक्ति स्वयं के भीतर झांकता है तो परमात्मा का साक्षात्कार होता है। उन्होंने कहा कि संसार में हर व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के नशे में है, लेकिन धर्म का उद्देश्य अहंकार बढ़ाना नहीं, बल्कि उसे समाप्त करना होना चाहिए। सत्य की प्राप्ति के लिए तप, त्याग और आत्मचिंतन आवश्यक है।सेवा भावी संत दिनेश मुनिजी मसा ने अपने प्रवचन में कहा कि जिस प्रकार आग से बचने के लिए सुरक्षा जाल पर छलांग लगानी पड़ती है, उसी प्रकार संसार रूपी दुख और मोह की अग्नि से बचने के लिए धर्म की शरण में आना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह संसार आधि, व्याधि और उपाधि से निरंतर जल रहा है तथा शाश्वत सुख की प्राप्ति केवल धर्म के मार्ग पर चलने से ही संभव है। इससे पूर्व संत अक्षय मुनिजी मसा एवं संत दिनेश मुनिजी मसा का नगर में मंगल प्रवेश हुआ। दोनों संत जैन उपाश्रय में विराजमान हैं। उनके सानिध्य में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे प्रार्थना, सुबह 8:30 बजे प्रवचन तथा दोपहर में धार्मिक कक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष दोनों संतों का चातुर्मास बालोद जैन संघ को प्राप्त हुआ है।

## श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के निर्देशानुसार श्रीराम मंदिर, अयोध्या में चढ़ावे की कथित वित्तीय अनियमितताओं के विरोध में किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अटल चौक अंडा में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के माध्यम से श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री पुकेश चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों देशवासियों की आस्था के केंद्र हैं। कांग्रेसजनों ने कहा कि आस्था के नाम पर किसी भी प्रकार की कथित अनियमितता को स्वीकार नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे पर लोकतांत्रिक संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष, रिवेंद्र यादव, निरंजन राजपूत, टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच अंडा दिग्विजय सिन्हा, जामवंत गजपाल, प्रदीप चंद्रकार, पिलेश्वर साहू, प्रवीण चन्द्राकर, तेजराम चौहान, अजय कुमार चंद्राकर, किशोर चंद्राकर, पिलेश्वर निर्मलकर, डोमेन्द्र निसाद, अरविन्द चंद्राकर, रोहित साहू, देवराज चतुर्वेदी, तारक राम सिन्हा, देवलाल बेलचन्दन, अलखराम साहू, रामचंद्र साहू, ,गजानंद साहू, रामसिंह चंद्राकर, मीना बाई सूर्यवंशी, मुकेश देवांगन, भोजलाल देशमुख, निशांत चंद्राकर, गौतम चंद्राकर, जय साहू, पालेश्वर ठाकुर, श्यामाचरण मनहर, तारकेश्वर, करण साहू, बिश्रा राम तारक,पूरेश कुमार दिल्लीवार सहित बड़ी संख्या कांग्रेसजन मौजूद रहे।

- निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अटल चौक अंडा में किया विरोध

**भगवान हनुमान को अर्जी देकर दोषियों को दंडित करने की मांग**

# चंदा चोरी मामले में सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अयोध्या के श्री राम मंदिर में हुई दान की राशि की चोरी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई ने मंगलवार को सेक्टर 9 स्थित मेन हॉस्पिटल स्थित हनुमान मंदिर के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। साथ ही मंदिर के पंडितों के माध्यम से भगवान हनुमान जी को अर्जी देकर चोरों को कर्मानुसार फल देने की मांग की। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में शाम 5 बजे कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में मंदिर परिसर पहुंचे। सभी ने मुंह पर काली पट्टी बांध रखी थी। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक बीडी कुरैशी, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर नीति लोधी, जितेंद्र साहू, बृजमोहन सिंह, अतुल साहू, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

- कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया मौन प्रदर्शन



### हनुमानजी करेंगे न्याय

आधे घंटे मौन रखने के पश्चात पंडित घटोत्कच शुक्ला सहित अन्य ब्राह्मण भाइयों के माध्यम से मंदिर के भीतर पहुंच कर भगवान हनुमान को अर्जी सौंपी गई। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि राम मंदिर से दान और चढ़ावे की जिस तरह चोरी हुई है वह शर्मनाक है। केंद्र में बैठी सरकार कुछ सुनने को तैयार नहीं। ऐसे में न्याय की उम्मीद किससे करें। यही कारण है कि ब्राह्मण भाइयों की मदद से भगवान श्री हनुमान जी को अर्जी दी जा रही है ताकि वही न्याय करें और दोषियों को दंडित करें।

### छोटों को बना दिया दोषी

पूर्व गृहमंत्री ताम्रकार साहू ने कहा कि मामला बहुत गंभीर है कोई सुनने को तैयार नहीं है। कोई न्याय की उम्मीद नहीं है। कार्रवाई के नाम पर छोटे लोगों को दोषी बना दिया गया है जबकि असली जिम्मेदार बच निकले हैं। दोषियों की पहचान हो और उन्हें कड़ी सी कड़ी सजा मिले इसलिए कांग्रेस ने आज यह प्रदर्शन किया है। अर्जी में सादर प्रणाम करते हुए लिखा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के चरणों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु श्रद्धा आस्था के साथ लाखों रुपए का दान करते हैं। यह केवल धन नहीं बल्कि सनातनियों की भावनाओं का प्रसाद है। लेकिन कुछ लालची लोगों ने इस पवित्र दान की चोरी कर ली है और लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंचाई है। आपसे अनुरोध है कि ऐसे लोगों को सद्बुद्धि दें और कर्मों के अनुसार उन्हें दंड दें ताकि धर्म की रक्षा हो सके और लोगों की आस्था बनी रहे। कार्यक्रम में नरसिंह नाथ, जी राजू, दिनेश पटेल, सौरभ दत्ता, सौरभ मिश्रा, मोहम्मद रफीक, भूपेंद्र यादव, सुभद्रा सिंह आदि मौजूद थे।

### जामुल पालिका क्षेत्र होगा हाईटेक सीसी कैमरों से लैस

**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्र के वार्डो को हाईटेक करने की तैयारी शुरु हो गई है। पहले जामुल पालिका कार्यालय को बेहतर करने सीसी कैमरा लगाया जाना है। उसके बाद 20 वार्डो के चप्पे -चप्पे पर सीसी कैमरा लगाया जाना है। इसके लिए नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर वार्डो में भ्रमण कर कहां-कहा सीसी कैमरा लगाया जाना है इसे लेकर जानकारी जुटाई है। क्षेत्र में लगने वाला सीसी कैमरा जन सहयोग और जनप्रतिनिधियों के फंड से होगा। बीते जामुल पालिका क्षेत्र में पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने सुरक्षा और हाईटेक करने की ठानी है। इसके लिए वार्डो में रोज घूमकर व्यवस्था का जायजा भी नपा अध्यक्ष द्वारा लिया जा रहा है।

पेज 11 के शेष

### बकाया किराया नहीं ...

पंचायत कार्यालय में जमा करें। अन्यथा नियमानुसार उनकी गुमटी एवं दुकानों पर भी सीलबंद करने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगरवासियों से समेकित कर सहित सभी देय कर समय पर जमा करने की अपील करते हुए कहा गया है कि करों का नियमित भुगतान नगर के विकास कार्यों को गति देता है। सभी नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए समय पर कर एवं अन्य देय राशि जमा कर एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें, ताकि नगर के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### नवनिर्वाचित एल्डरमेनों ने ....

मंडल अध्यक्ष उत्तरा घनेंद्र, मंडल महामंत्री दुष्यंत गिरी, एकलव्य महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष जसराज शर्मा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेहा उपाध्याय, सभापति ममता यादव, पार्षद रेवती कोलियारे एवं वीर सिंह ठाकुर सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश बंजारे, उपयंत्री भानुप्रताप घोष तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बालोद में 16 से 19 जुलाई तक होगा स्वामी युगल शरण का आध्यात्मिक प्रवास

**बालोद।** ब्रज गोपिका धाम से स्वामी युगल शरण का आगमन



बालोंद में 16 जुलाई दोपहर को हो रहा है, स्वामी युगल शरण के आगमन पर 16 जुलाई शाम से 19 तारीख तक कुर्मी भवन बालोद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सुबह शाम संकीर्तन, रूप ध्यान, मेडिटेशन, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी आयोजित की जा रही है। जिसमे बालोद यूनिट के समस्त सदस्यो को कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने तथा जानकारी प्रदान करने हेतु पेंशन भवन शिकारीपारा बालोंद में बैठक की गई। इस दौरान दिव्य सत्संग एवं सभी प्रिय सत्संगियों और नगर वासियों को सानिध्य प्रदान करना, प्रातः एवं सायं सत्र, नगर संकीर्तन (परिक्रमा), ध्यान साधना (आंतरिक शांति हेतु ध्यान), महाराज जी की लीला वीडियो, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तर सत्र, सत्संगियों एवं उनके परिवारजनों से व्यक्तिगत भेंट, आध्यात्मिक सशक्तिकरण हेतु कार्यक्रम, यूनिट संबंधी बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### स्कूली छात्रों से मारपीट गाली-गलौज, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** स्कूली छात्रों के साथ मारपीट गाली गलौज और रंगदारी करने वाले दो युवक और अपचारी बालको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने बताया कि मोहम्मद शब्बीर ने पुलिस में शिकायत किया कि स्कूल आने-जाने वाले छात्रों को रोककर अज्ञात परेशान करते हैं। उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज कर शराब पीने के लिए पैरकम का डिमांड करते है। रकम नहीं देने पर छात्रों से मारपीट किया जाता है। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरु किया, पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देने वाले डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी युवराज साहू, एच.सी.एल. कॉलोनी, तेलहा नाला के पास, नंबर-4 शेखर गुप्ता के रुप में शिनाख्त हुआ। दोनों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। घटना मदनी मस्जिद के पास, मदरसा जोन-02, खुर्सीपार की है। युवकों से दो बाइक. लकड़ी का हाकी जब्त किया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों, पालकों एवं छात्र-छात्राओं से अपील करती है कि यदि किसी भी प्रकार की मारपीट, धमकी, वसूली, गाली-गलौज अन्य आपराधिक गतिविधि की जानकारी मिलने पर निकटतम पुलिस थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करें।

### शराब की अवैध तस्करी आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से शराब तस्करी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक सीजी 07 एलएच 9279 में शराब रखकर पतोरा बस्ती, उतई-पाटन रोड किनारे शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर वार्ड 11 धौराभाठा उतई निवासी गजेन्द्र ठाकुर को पकड़ा गया।

**योजना**

**21 शिकायतों की जांच में सभी मीटर सही पाए गए**

# स्मार्ट मीटर पूरी तरह सटीक और पारदर्शी जांच में नहीं मिली कोई तकनीकी खामी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) दुर्ग क्षेत्र ने स्पष्ट किया है कि स्थापित किए गए स्मार्ट मीटर पूरी तरह से सटीक और त्रुटिहीन हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मीटर की कार्यक्षमता और बिलिंग को लेकर दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के 21 उपभोक्ताओं द्वारा की गई शिकायतों के बाद उन सभी मीटरों की गहन जांच मीटर लैब में कराई गई। जांच में यह पुष्टि हुई है कि मीटरों में किसी भी प्रकार की कोई तकनीकी खराबी या त्रुटि नहीं है, जो स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली की पारदर्शिता को प्रमाणित करती है।

■ दुर्ग रीजन में 6.90 लाख से अधिक घरों में लगे स्मार्ट मीटर

उल्लेखनीय है कि दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले के लगभग 09 लाख 80 उपभोक्ताओं में से कुल 06 लाख 90 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। यह आंकड़ा दर्शाता है कि विद्युत रीजन दुर्ग के तीनों जिलों दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा के लगभग 82 प्रतिशत लोगों के घरों में आधुनिक स्मार्ट बिजली मीटर लग चुके हैं, जिससे वे नई व्यवस्था का सीधा लाभ उठाना शुरू कर चुके हैं। अब उपभोक्ता हर आधे घंटे में कितनी यूनिट

**आरडीएसएस योजना के तहत बदले जा रहे पुराने मीटर**







बिजली की खपत हुई उसका रिकार्ड देख सकेंगे, जिससे विद्युत का किफायत से उपयोग किया जा सकेगा। स्मार्ट मीटर में पोस्टपेड एवं प्रीपेड की सुविधा है जिसमें प्रीपेड की सुविधा लेने पर हर साल जमा की जाने वाली सुरक्षा निधि से उपभोक्ताओं को मुक्ति मिल जाएगी। बैंक अकाउंट की तरह अब उपभोक्ता के फोन पर बिजली का पूरा हिसाब मौजूद रहेगा। ज्ञात हो कि विद्युत रीजन दुर्ग के अंतर्गत विभागीय संभाग भिलाई शहर पश्चिम में 77487, भिलाई पूर्व संभाग में 56648, दुर्ग शहर संभाग में 70018, बालोद संभाग में 133988, दुर्ग संभाग में 100782, बेमेतरा संभाग में 66418, साजा संभाग में 62417, अहिवारा संभाग में 61817 एवं पाटन संभाग में 60452 निम्नदाब उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर स्थापित किए जा चुके हैं। सीएसपीडीसीएल दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि स्मार्ट मीटर की प्रमुख खूबी इसकी रीयल टाइम डेटा मॉनिटरिंग है, जो उपभोक्ताओं को मोर बिजली एप के माध्यम से प्रतिदिन की खपत ट्रैक करने की सुविधा देती है। इसके माध्यम से उपभोक्ता यह देख सकते हैं कि वे किस समय सबसे अधिक बिजली खर्च कर रहे हैं, जिससे उन्हें अपनी खपत कम करने और बिजली बिल बचत करने में मदद मिलती है। स्मार्ट मीटर में अब मानवीय त्रुटियों की संभावना शून्य हो गई है। कार्यपालक निदेशक ने कहा कि स्मार्ट मीटर का मुख्य उद्देश्य बिलिंग को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाना है। विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि किसी भी उपभोक्ता को गलत बिल का भुगतान न करना पड़े। उन्होंने कहा कि विभाग उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है, जिन उपभोक्ताओं को बिल राशि या रीडिंग को लेकर कोई संदेह है, वे संबंधित बिजली कार्यालय में अपना लिखित आवेदन दे सकते हैं। शिकायत प्राप्त होने पर विभाग द्वारा मीटर की कार्यक्षमता, रीडिंग और बिलिंग प्रक्रिया की गहन जांच की जाती है। यदि जांच में कोई तकनीकी त्रुटि पाई जाती है, तो तत्काल प्रभाव से बिल में संशोधन कर उसे दुरुस्त किया जाता है।

सेलट ने बताया कि विद्युत मंत्रलय, भारत सरकार के द्वारा जारी विद्युत (उपभोक्ताओं के अधिकार) नियमन 2020, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के द्वारा जारी मीटरिंग कोड एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाये गये नियमों के पालन में प्रदेश के सभी निम्नदाब उपभोक्ताओं के यहां पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटरों से बदलना अनिवार्य है। यह कार्य भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त निर्देशों पर आरडीएसएस योजना के अंतर्गत किया जा रहा है।

## नक्सलवाद के खिलाफ मिली सफलताओं पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद के अध्यक्ष चेमन देशमुख ने देशभर सहित छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का

■ केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की सराहना, नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को बताया साकार होता प्रयास

खात्मा करने और आम जनजीवन को माओवादी आतंक व हिंसा से मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।



चेमन देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा की डबल इंजन की सरकार ने नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने का जो समयबद्ध संकल्प लिया था, वह आज धरातल पर सिद्ध होता दिखाई दे रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि बीते कुछ समय में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में सुरक्षाबलों को मिली ऐतिहासिक सफलताएँ इस बात का प्रमाण हैं कि अब माओवादी आतंक अब इतिहास की बात हो गई है। दशकों तक छत्तीसगढ़ के बस्तर और अन्य आदिवासी अंचल वामपंथी उग्रवाद की आग में झुलसते रहे। पूर्ववर्ती सरकारों की लचर नीतियों के कारण आदिवासियों और आम जनता को केवल भय और हिंसा मिली। लेकिन आज, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जीरो टॉलरेंस की नीति और सटीक मार्गदर्शन के कारण नक्सलवाद बैकफुट पर है। चेमन देशमुख ने प्रदेश की साय सरकार की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षाबलों के बीच अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। सरकार ने न केवल मोर्चे पर लड़ाई लड़ी है, बल्कि अंदरूनी इलाकों में नियद नेल्लानार जैसी योजनाओं के जरिए विकास को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया है। जहां कभी बारूद की गंध होती थी, वहां आज सड़कें, स्कूल, अस्पताल और बिजली पहुंच रही है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि उपमुख्यमंत्री, गृह मंत्री श्री शर्मा स्वयं लगातार बस्तर के दौरे कर जवानों का हौसला बढ़ा रहे हैं और स्थानीय युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संवेदनशील प्रयास कर रहे हैं। आज बस्तर का आम नागरिक बिना किसी डर के खुलकर सांस ले रहा है, जो कि इस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। देशमुख ने माओवादी हिंसा से मुक्त, भयमुक्त और प्रगतिशील छत्तीसगढ़ के निर्माण के प्रति दृढ़ संकल्पित शीर्ष नेतृत्व पर विश्वास जताया कि वह दिन दूर नहीं जब पूरी तरह से नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ देश के सबसे समृद्ध राज्यों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा होगा।

## जर्जर स्कूल भवन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित, बरामदे में लग रही कक्षाएं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा**

शासकीय प्राथमिक शाला गिधाली का भवन जर्जर होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। स्कूल के एक कमरे में लगातार पानी का रिसाव होने से उसे बंद कर दिया गया है। अनहोनी की आशंका को देखते हुए उस कमरे में बच्चों को नहीं बैठाया जा रहा है, जिससे स्कूल में जगह की कमी के बीच वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ रही है।



जानकारी के अनुसार पानी के रिसाव से बचाव के लिए क्षतिग्रस्त कमरे की छत पर त्रिपाल डाली गई है। वर्तमान में बरामदे में कक्षा पांचवीं की पढ़ाई संचालित की जा रही है। वहीं प्रधानपाठक कक्ष में चौथी कक्षा तथा दूसरे कमरे में पहली से तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय में कुल 34 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। बरसात में बढ़ जाती है परेशानी ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान सीपेज के कारण कमरे में पानी भर जाता है, जिससे वहां कक्षाएं संचालित करना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में बरामदे में वैकल्पिक व्यवस्था कर अध्यापन कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नए स्कूल भवन की उठी मांग ग्राम के युवा नेता देवेंद्र साहू, मनोज खोब्रागड़े सहित ग्रामीणों ने विद्यालय भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए शासन-प्रशासन से नए स्कूल भवन के निर्माण की मांग की है।

## निकुम उपार्जन केंद्र में 116.11 क्विंटल धान की कमी, एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा**

दुर्ग जिले के अंडा स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा से जुड़े सेवा सहकारी समिति मर्यादित निकुम (पंजीयन क्रमांक 692) में धान खरीदी वर्ष 2025-26 के दौरान बड़ी अनियमितता सामने आई है। खाद्य एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त जांच में उपार्जन केंद्र निकुम में 116.11 क्विंटल धान की कमी पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 3,59,941 रुपये बताई गई है। दस्तावेज के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को खाद्य एवं




सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने उपार्जन केंद्र का भौतिक सत्यापन किया। जांच में धान की कमी पाए जाने के बाद समिति प्रबंधक संबंधित कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठे हैं।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने थाना अंडा को लिखित आवेदन भेजकर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया है। आवेदन में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(5) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना किए जाने की बात कही गई है।

इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, उप आयुक्त सहकारिता तथा कलेक्टर (खाद्य शाखा) दुर्ग द्वारा भी पत्र जारी किए गए हैं। जांच दल ने मौके पर पंचनामा तैयार कर धान की कमी की पुष्टि की है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याऐं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायत पर पात्र हितग्राहियों को मिली शौचालय निर्माण की स्वीकृति

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है।

विकासखंड गुंडरदेही के ग्राम कोटागांव, माहुद, कोडेवा, चीचा, तिलोदा के ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से व्यक्तिगत घरेलू शौचालय की मांग संबंधी आवेदन दर्ज कराया गया था। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा प्रकरण का परीक्षण किया गया। हितग्राही की पात्रता एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक जाँच पूर्ण की गई। जांच में हितग्राही को योजना के लिए पात्र पाए जाने की स्थिति में









**गुंडरदेही विकासखंड के पांच गांवों के आवेदनों का हुआ निराकरण**



कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत हितग्राही को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। संबंधित जनपद पंचायत को नियमानुसार आगे की कार्यवाही पूर्ण कर निर्धारित समय–सीमा में शौचालय निर्माण सुनिश्चित करने एवं भारत सरकार के पोर्टल में एंट्री करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शासन और आम नागरिकों के बीच एक प्रभावी संवाद का माध्यम है। प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को सुरक्षित एवं सम्मानजनक शौचालय सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे खुले में शौच की प्रवृत्ति समाप्त करने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा जनस्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। जिला प्रशासन ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि यदि वे शासन की किसी योजना के पात्र हैं अथवा किसी समस्या का समाधान चाहते हैं, तो संबंधित विभाग से संपर्क कर अथवा आवश्यकता होने पर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से अपनी समस्या दर्ज कराएं। सभी पात्र प्रकरणों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## सीएम हेल्पलाइन 1076 में शिकायत के 24 घंटे के भीतर मिला चार माह का बकाया भुगतान



**बालोद।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम हेल्पलाइन 1076 आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए एक बड़ा सहारा साबित हो रही है। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बेलौदी में स्वास्थ्य केंद्र में मजदूरी दर पर कार्यरत भृत्य की 04 महीने से लंबित मजदूरी का भुगतान शिकायत दर्ज होने के मात्र 24 घंटे के भीतर कर दिया गया। ग्राम बेलौदी के स्वास्थ्य केंद्र में मजदूरी दर पर कार्यरत भृत्य छत्रपाल साहू को पिछले चार महीनों से मानदेय (मजदूरी) का भुगतान नहीं मिल पा रहा था। आर्थिक समस्या से जूझ रहे छत्रपाल ने इस समस्या के समाधान के लिए स्थानीय पंचायत में भी आवेदन किया था। काफी प्रयासों के बाद भी जब समस्या का कोई ठोस निराकरण नहीं हुआ, तो वे बेहद परेशान हो गए। इस निराशा के बीच, छत्रपाल साहू को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार की सीएम हेल्पलाइन 1076 के बारे में पता चला। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1076 पर कॉल किया और अपनी पूरी समस्या दर्ज कराई। हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होते ही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर छत्रपाल साहू के बैंक खाते में उनके पूरे 04 महीने की रुकी हुई मजदूरी राशि ट्रांसफर कर दी गई। छत्रपाल साहू ने बताया कि वे अपनी मजदूरी भुगतान के लिए महीनों से परेशान था, लेकिन सीएम हेल्पलाइन में कॉल करने के मात्र 24 घंटे के भीतर उनकी समस्या का समाधान हो गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की इस हेल्पलाइन व्यवस्था से आम लोगों की समस्याओं का घर बैठे और तुरंत समाधान हो रहा है।





### सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सीडबॉल बनाकर हरित भारत का लिया संकल्प

# लाटाबोड़ में सीडबॉल निर्माण कार्यशाला आयोजित, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

ग्राम लाटाबोड़ सरस्वती शिशु मंदिर में सीडबॉल निर्माण कार्यशाला आयोजित किया गया। पर्यावरण गतिविधि व संरक्षण ठीम, जिला बालोद द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से लाटाबोड़ सरस्वती शिशु मंदिर में सीडबॉल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ओमप्रकाश टुवानी थे। अध्यक्षता सेवा निवृत्त शिक्षक जीवन साहू, विशेष अतिथि अध्यक्ष कुवांरी माता शिक्षण समिति कश्चित साहू लाटाबोड़ ने की। इस कार्यशाला के जिला कार्यवाह प्रशिक्षक विनोद कुमार साहू जिला बालोद निवास लाटाबोड़ व पर्यावरण गतिविधि संयोजक कमल कृष्णाकांत साहू निवास कुसुमकसा ने प्रशिक्षण दिया। इस कार्याशाला में इन सभी समस्त शिक्षक का सहयोग प्राप्त प्रधानाचार्य प्रकाश तिवारी, आचायोंर् जितेन्द्र सिंद्राम, देवेश बघेल, योगेंद्र निषाद, कामनी यदु, त्रिवेणी साहू, हरिप्रिया वैष्णव, मोनिका साहू, दामिनी साहू, पदमणी निषाद, रेणुका मिश्रा, पुकेश्वरी साहू व विद्यालय के भैया बहन ने भागीदारी दिखाया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चलचित्र पर पुष्प अर्पित कर हुआ, ओमप्रकाश टुवानी ने कहा यह एक अत्यंत प्रभावशाली और दूरदर्शी विचार है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं या व्यक्तिगत प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि यह एक सामूहिक जन–आंदोलन से ही





सफल हो सकता है। जब सामाजिक कार्यकर्ता, परिवार और समुदाय साथ आते हैं, तो इसके सकारात्मक प्रभाव प्रगट होता है। सीडबॉल बनाना एक आसान प्रक्रिया है, जिसे बच्चे, बुजुर्ग और परिवार के सभी सदस्य साथ बैठकर कर सकते हैं। यह खाली पड़ी बंजर जमीनों या दुर्गम क्षेत्रें में हरियाली लाने का सबसे सस्ता और प्रभावी तरीका है। सामूहिक भागीदारी के साथ जब सामाजिक कार्यकर्ता इसे एक अभियान का रूप देते हैं तो यह तकनीक कम समय में हज़ारों पेड़ लगाने में मदद करती है। पौधारोपण केवल लगाना नहीं, बचाना भी है। यदि पूरा परिवार या मोहल्ले के लोग मिलकर पेड़ लगाते हैं, तो वे उसकी अभिभावक की भूमिका निभाते हैं, जिससे पौधों के जीवित रहने की दर बढ़ जाती है, जब परिवार मिलकर एक स्मृति वृक्ष या पारिवारिक वाटिका तैयार करते हैं, तो उससे भावात्मक जुड़ाव पैदा होता है, सामुदायिक स्तर पर लोगों को यह समझना होगा कि पर्यावरण संरक्षण किसी एक का काम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का काम है। जब पेड़ लगाने का कार्य एक सामुदायिक उत्सव बन जाता है, तो पर्यावरण का संरक्षण स्वतः ही सुनिश्चित हो जाता है। जीवन साहू ने कहा इस कार्य को हम परिवार के साथ बैठकर भी कर सकते है, यहां सभी का जिम्मेदारी है। पौधारोपण इसलिए आवश्यक है क्योंकि पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, हवा से हानिकारक गैसों और धूल को सोखकर पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद करते हैं।

विशेष अतिथि कश्चित साहू ने कहा मानव जीवन के लिए मूल आधार वृक्षारोपण वन, कार्बन–डाइऑक्साइड अवशोषित करते हैं और जल चक्र को बनाए रखकर मौसम और तापमान को नियंत्रित करते हैं। हरे–भरे पेड़ों के बीच रहने से तनाव कम होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। कार्यक्रम के अंत में कमल कृष्णाकांत साहू द्वारा नेशनल स्टूडेंट पर्यावरण प्रतियोगिता 2026 एन.एस.ची.सी के बारे में जानकारी दिया गया है। यह छात्रें के लिए एक पर्यावरण आधारित प्रतियोगिता है इसे भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रलय और शिक्षा मंत्रलय का समर्थन प्राप्त है। यह प्रतियोगिता 15 जुलाई से शुरू हो रही है। पंजीकरण भाग लेने के लिए आप पोस्टर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं या उनकी आधिकारिक वेबसाइट पर्यावरण संरक्षण ओआरजी पर जा सकते हैं। कार्यक्रम में पर्यावरण गतिविधि के कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों एवं स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

# फागुनदाह में 21.90 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

■ विद्यालयों में अतिरिक्त कक्ष और प्रार्थना शेड का होगा निर्माण

ग्राम पंचायत फागुनदाह में 21.90 लाख के विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन किया गया। जिसमे अतिथि द्वारा पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। जिसमे अतिरिक्त कक्ष 6.90 लाख, प्रार्थना शेड पूर्व माध्यमिक शाला फागुनदाह 10 लाख, प्राथमिक शाला 5 लाख का भूमि पूजन किया गया।

जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू थे। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, पूर्व सरपंच फागुनदाह नूतन होमशंकर साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, अध्यक्ष भाजपा मंडल पुरूर टुकेश्वर पाण्डेय, महामंत्री भाजपा मंडल पुरूर राकेश सिन्हा, पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत फागुनदाह भरत श्रीसंत, बुथ अध्यक्ष अनिल गुरूपंच, तोरण मरकाम, ग्राम पटेल अरूणेन्द्र साहू, झुमुक हिरवानी, कुबेर सोनबेर उपस्थित थे।

# अकलवारा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का हुआ भूमिपूजन



**गुरूर।** शक्ति केंद्र नरबदा के अंतर्गत ग्राम अकलवारा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का भूमि पूजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभा पति जनपद पंचायत गुरुर संध्या साहू ने किया। विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष मंडल भाजपा पुरूर प्रहलाद साहू, संयोजक शक्ति केंद्र नरबदा बिसेसर निषाद, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति गैंद लाल साहू, सरपंच उत्तरा मरकाम, सचिव सोमन मंडावी, पंच केजू राम साहू, पंच शंकर साहू एवं महिला पंचगण उपस्थित थे।



# जपं में सीईओ उमेश रात्रे को दी विदाई पुन्नालाल धुव्रे का हुआ स्वागत

**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर के सभाकक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे के स्थानांतरण उपरांत उनके सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्यो एवं जनपद पंचायत के अधिकारी–कर्मचारियों ने रात्रे के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके सरल, अनुशासित एवं कुशल प्रशासनिक नेतृत्व की प्रशंसा की।

समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री रात्रे को स्मृति–चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में जनपद पंचायत गुरूर में अनेक विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्य प्रभावी ढंग से संपादित हुए तथा उनका कार्यकाल सदैव प्रेरणादायी रहेगा। इस अवसर अवसर पर रात्रे मे जनपद पंचायत गुरूर के समस्त जनप्रतिधि और अधिकारी–कर्मचारियो के साथ अपने कार्यकाल के बहुत सारे अनुभव को बताया एवं सभी अधिकारी – कर्मचारियो की कार्य दक्षता और कुशलता के बारे बताते हुए सारी सफलताओ का श्रेय अपने सहकर्मियो को दिया।

इसी अवसर पर जनपद पंचायत गुरूर के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी पुन्नालाल धुव्रे का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद सभापति, अन्य जनपद सदस्यगण एवं सभी अधिकारियों–कर्मचारियों ने किया तथा उनके मार्गदर्शन में जनपद पंचायत के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलने की आशा व्यक्त की।



# निर्माण के एक माह बाद ही तालाब की पचरी में पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

ग्राम बोदल में ग्राम में स्थित एक तालाब में निर्मित पचरी निर्माण के एक माह बाद ही इसमें बड़ी बड़ी दरारे आ गई है। जिसके कारण पचरी उपयोग होने से पहले ही टूटते जा रहा है।



■ ग्रामीणों ने निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल, हादसे की आशंका जताई

मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोदल में रोजगार गारंटी के तहत 7.82 लाख की अधिक की लागत से तालाब नवीनीकरण कार्य किया गया है जिसमे पचरी का निर्माण भी किया गया, लेकिन इस तालाब में बने पचरी का उपयोग लोग कर पाते इससे पहले ही पचरी टूटने लगी है। पूरे मामले में ग्रामीणों के विरोध को दरकिनार करना पड़ा भारी। ग्राम बोदल में उद्घाटन से पहले ही टूट रही पचरी में भ्रष्टाचार और तकनीकी लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। लाखो का बना पचरी भ्रष्टाचार की पोल खोल रहा है जहां गुणवत्तायुक्त निर्माण ना होने के कारण निर्माण के एक माह के अंदर ही पचरी में बड़ी दरारे आ गई है। तालाब में कार्य होने के बाद पहली बारिश में थोड़ बहुत पानी भरा है जिसके बाद से ही पचरी में दारारे होना प्रारंभ हो गई थी, लेकिन वर्तमान में पचरी में दरारे इतनी बड़ी हो गई है कि आगे तालाब में पानी भरने की स्थिति में अगर कोई तालाब में जाने के लिए पचरी का उपयोग करता भी है तो बड़ा हादसा होने का अंदेशा बढ़ सकता है, क्योकि पचरी में दरारे आने के कारण पचरी उपर नीचे व उबड़ खाबड़ हो गई है।

वही तालाब के पचरी में दरार आने के कारण पचरी में आस पास कई जीव जंतु व कीड़े मकोड़े के उसमें घुसने का खतरा रहता है जिसके तहत पचरी का उपयोग करने वाले व्यक्ति को उक्त दरारो में स्थित कीड़े मकोड़े व जहरीले जीव जंतु निकलने का डर हमेशा बना रहेगा। वही ग्रामीण आशंका व्यक्त कर रहे है कि पहली बारिश में ही पचरी दो भागो में बट गई तो आगे बारिश होने पर कही पचरी बहकर तालाब में ही ना समा जाए।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

